हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 5 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 34.8 डिग्री
न्यूनतम 25.1 डिग्री

12 बरसाती पानी की निकासी को लेकर मेयर अफसरों ...



12 सभी स्कूलों की पानी की टंकियों व छतों की सफाई ...



## खबर संक्षेप

### किशोरी व युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**यमुनानगर।** थाना सदर यमुनानगर के अंतर्गत एक गांव से 16 साल की किशोरी व पड़ोस की 25 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों द्वारा तलाश करने पर उनका कुछ भी पता नहीं चला पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी जानकारी के अनुसार नेपाल निवासी गीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी 16 वर्षीय बेटी संतोषी तथा परिवार के अन्य सदस्यों के साथ औरंगाबाद में पोल्ट्री फार्म का काम करती है।

### चोरों ने चुराई नकदी आभूषण व मोबाइल

**यमुनानगर।** जगाधरी की श्री राधा कृष्ण कॉलोनी में चोरों ने रात के समय घर में घुसकर 64 हजार रुपये, दो मोबाइल और आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य घर पर ही सोए हुए थे। सुबह जब जागे तो उन्हें चोरी के बारे में पता चला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### लूट की वारदात को अंजाम देने वाला धरा

**करनाल।** सीआईए-1 पुलिस टीम ने एक बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए लूट के मामले में वांछित आरोपी को धर दबोचा है। निरीक्षक संदीप कुमार व सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में गठित पुलिस टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर मुगल माजरा टी-पॉइंट, बड़ागांव रोड से रवि पुत्र रामस्वरूप निवासी गांव नालीपार, थाना कुंजपुरा को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 51,020 रुपये नकद, लूट में प्रयुक्त चाकू और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई।

### ट्रांसफॉर्मर चोरी के खरीदार को पकड़ा

**करनाल।** मेरठ रोड पर छापेमारी करते हुए सीआईए-3 टीम ने मोहम्मद आफताब पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी मोमिनपुरा, शामली (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया। टीम का नेतृत्व निरीक्षक अजय कुमार व एएसआई प्रदीप कुमार कर रहे थे। आरोपी के पास से 2 लाख 34 हजार रुपये नकद, एक स्कूटी, 9 किलो तांबे की क्वाइल व ट्रांसफार्मर खोलने के औजार बरामद किए गए।

### 19 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर क्षेत्र के पॉवर हाउस बब्याल के पास से पुलिस ने सूचना के आधार पर आरोपी गुरदीप सिंह उर्फ हन्नी को 19 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत से एक दिन के रिमांड पर लिया है। 3 अगस्त को एएनसी सैल के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। नाकाबंदी के जरिए ही बाद में पुलिस ने आरोपी को बाइक समेत काबू कर लिय। तलाशी लेने पर उससे नशीला पदार्थ जब्त किया गया।

### नागरिक अस्पताल में भिड़े चिकित्सक व परिजन

**अंबाला।** अंबाला कैंट के सिविल अस्पताल में डॉक्टर और मरीज के परिजनों के बीच जमकर विवाद हुआ। विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। यह मामला शनिवार रात का बताया जा रहा है। उस समय परिजन आईसीयू में अपने मरीज का हाल जानने की जिद कर रहे थे। इसी दौरान डॉक्टर और परिजनों के बीच कहासुनी हो गई। बाद में नौबत झगड़े की आ गई थी। मौके पर मौजूद अन्य स्टाफ ने बीच-बचाव कर माहौल शांत कराया। इस मामले में अस्पताल प्रशासन का कहना है कि उन्हें अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। वीडियो की वे आंतरिक जांच करवा रहे हैं।

# पांच बच्चों की मां प्रेमी के संग फरार
# मासूम बच्चों ने थामा एक-दूजे का हाथ
## मां के लिए तड़पती आंखों से दरवाज़े पर बैठकर मासूम कर रहे हैं इंतजार

- सुरेश ने बताया कि घर की जांच कि तो पता चला कि घर की 30 हजार के करीब नकदी और सोने के जेवर भी गायब



मुलाना। पुलिस से गुहार लगाने थाने में बच्चों सहित जाता सुरेश। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

एक मां का दामन बच्चों के लिए पूरी दुनिया होता है लेकिन जब वही मां बेग़ैरत हो जाए तो भगवान भी कुछ नहीं कर सकता। ऐसा ही एक वाकया सिरसगढ़ गांव से सामने आया है । कस्बे में सब्जी बेचकर घर चलाने वाले सुरेश की पत्नी पूजा अपने पांच बच्चों को छोड़ प्रेमी के साथ फरार हो गई। इतना ही नहीं वह जाते समय घर से नकदी, जेवरात भी अपने साथ ले गई। क्षेत्र में फड़ी लगाने वाले सुरेश की पत्नी बीते आठ दिनों से रहस्यमयी तरीके से लापता है। महिला घर से न सिर्फ बिना बताए निकली, बल्कि साथ में घर की नकदी और जेवरात भी ले गई। महिला पांच बच्चों की मां है। पति सुरेश ने पुलिस में शिकायत भी दी है। सुरेश ने किसी अन्य पुरुष के साथ उसके भागने की बात कही है। सुरेश कस्बे में सब्जी बेचकर अपने परिवार का गुज़ारा करता है। उसका कहना है कि उसकी पत्नी आठ दिन पहले घर से बाजार जाने के बहाने निकली थी लेकिन वापस नहीं लौटी। जब काफी समय तक कोई जानकारी नहीं मिली, तो उन्होंने आसपास पूछताछ की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सुरेश ने बताया कि जब उसने घर की जांच कि तो पता चला कि घर की 30 हजार के करीब नकदी और सोने के जेवर भी गायब हैं। इसके बाद उसे शक हुआ कि उसकी पत्नी जानबूझकर गई है और वह किसी के साथ फरार हुई है। सुरेश का यह भी कहना है कि उसकी पत्नी पिछले कुछ समय से फोन पर किसी से बात करती रहती थी लेकिन वह कभी खुलकर कुछ नहीं बताती थी। महिला के गायब होने के बाद उसके पांच बच्चों की देखभाल की ज़िम्मेदारी अब अकेले सुरेश पर आ गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, परिवार आर्थिक रूप से भी कमजोर है। बच्चों की हालत दिन-ब-दिन बिगड़ रही है।

### मां ने ममता को किया कलंकित

5 मासूम जिनकी उम्र 3 से 8 साल के बीच है, बच्चे अपनी मां की ममता के लिए तरस रहे हैं। तीन बच्चे जिन में 3 साल की नंदिनी ,गणेश , गौरव, आकाश , और 8 साल का प्रेम है । कोई दीवार से लिपटकर रो रहा है,कोई मां की साड़ी को गले लगाकर घंटों बैठा रहता है,तो कोई दरवाजे की आहट पर दौड़कर देखता है कि शायद मां लौट आई हो । बड़े बेटे प्रेम की आंखों से आंसू सूख चुके हैं। छोटा बच्ची नंदिनी गली में जाकर पूछती है मेरी मम्मी आई क्या?

### दबिश दी जा रही

मामला संज्ञान में है। पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में परिवार की तरफ से जिस व्यक्ति का नाम बताया गया है उसके ठिकाने पर दबिश दी जा रही है। महिला के फोन पर आई कॉल की भी डिटेल ली जा रही है।
**-महेंद्र सिंह**, प्रभारी, थाना मुलाना

### कई दिन से थाने के चक्कर लगा रहा हूं

5 बच्चों के पिता सुरेश का आरोप है कि वह किसी के संग चली गई और वह उसे ढूंढने के लिए उस के गांव में भी गए थे लेकिन वह वहां नही मिले। सुरेश का कहना है कि वह कई दिन से पुलिस थाना के चक्कर लगा कर परेशान हो गया है। कोई कार्रवाई नहीं हो रही। थाने में उस की कोई सुनवाई नहीं कर रहा। सुरेश का कहना है कि उस का तो भगवान से भी विश्वास उठ गया है। उसका कहना है कि वह सब्जी मंडी में फड़ी लगाकर 5 बच्चों का पेट पाल रहा था, अब अंदर से टूट चुका है। पांच बच्चों की मां का अपने पांच छोटे छोटे बच्चों को छोड़ किसी के साथ चले जाने का मामला क्षेत्र में चर्चा बना हुआ है। दरअसल सिरसगढ़ गांव में बदांयू जिला उत्तरप्रदेश का परिवार रहता है जो कि सब्जी बेच कर घर चलाता है।

बिना अनुमति लगाए गए विज्ञापन हटवाने के निर्देश

# अवैध विज्ञापनों पर निगम की सख्ती 138 चालान कर वसूले 13.80 लाख





- निर्देश का उल्लंघन पर एफआईआर की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

शहर की सुंदरता बिगाड़ने और सार्वजनिक संपत्ति को कुरूप करने वाले अवैध विज्ञापनों के खिलाफ नगर निगम करनाल ने कड़ा रुख अपनाया है। निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि नगर निगम की विज्ञापन शाखा ने हाल ही में 138 अवैध विज्ञापन मामलों में चालान काटते हुए 13 लाख 80 हजार रुपये का जुर्माना वसूला है। इसके अलावा 139 नोटिस जारी किए गए हैं तथा 102 लोगों को अपने विज्ञापन स्वयं हटाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम की टीम द्वारा फ्लाईओवर, सरकारी दीवारों, बिजली के खंभों, स्ट्रीट लाइट पोल्स और सौंदर्यीकरण हेतु बनाए गए चित्रों पर फ्लैक्स, पोस्टर, स्टिकर और बैनर लगाए जा रहे थे, जिससे शहर की सूरत बिगड़ रही थी। ऐसे में निगम ने सख्ती बरतते हुए नोटिस भेजकर नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना लगाया है। निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि हरियाणा नगर पालिका विज्ञापन उप नियम 2022 के तहत अब कोई भी व्यक्ति बिना पूर्व अनुमति के किसी भी प्रकार का विज्ञापन सार्वजनिक या निजी स्थान पर नहीं लगा सकता। ऐसा करने पर जुर्माने के साथ एफआईआर भी दर्ज करवाई जा सकती है।

उन्होंने बताया कि अगर कोई व्यक्ति या संस्थान विज्ञापन के लिए स्थान लेना चाहता है, तो वह पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकता है। साथ ही प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को यह निर्देश दिए गए हैं कि वे जो भी फ्लैक्स या पोस्टर छापते हैं, उस पर अपनी दुकान का नाम, पता व मोबाइल नंबर अंकित करें। अगर वे अधिकृत स्थानों से हटकर अन्यत्र विज्ञापन करते हैं, तो उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

छछरौली से मोबाइल ठीक करवाकर लौट रहा था युवक

# अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवार युवक को कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जगाधरी पांवटा साहिब हाइवे पर सांझा चूल्हा के पास अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक युवक छछरौली से मोबाइल ठीक करवा कर घर लौट रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और फिर परिजनों को सौंप दिया। गांव दसोरा निवासी सालीम (25) मजदूरी कर अपनी पत्नी व दो साल के बच्चे का भरण-पोषण करता था। सोमवार सुबह वह अपना मोबाइल ठीक कराने के लिए बाइक पर सवार होकर छछरौली गया था। वहां से लौटते हुए जब शेरपुर मोड़ पर सांझा चूल्हा के निकट पहुंचा तो अनियंत्रित डंपर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हादसे में घायल सालीम को लेकर पुलिस अस्पताल पहुंची। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन रोते हुए अस्पताल में पहुंचे।

# कुवि वाणिज्य विभाग के 20 छात्रों ने उत्तीर्ण की यूजीसी-नेट परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के 20 छात्रों (एम.कॉम) ने जून 2025 में आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। इस उपलब्धि के लिए कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि यह उपलब्धि विभाग के उत्कृष्ट शिक्षण वातावरण, विद्यार्थियों की कठिन मेहनत एवं शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का प्रत्यक्ष प्रमाण है। यह सफलता न केवल विभाग बल्कि पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। विभागाध्यक्ष प्रो. महाबीर नरवाल ने सभी सफल छात्रों को हार्दिक बधाई दी और उनकी कड़ी मेहनत, लगन तथा शिक्षकों द्वारा प्रदान किए गए मार्गदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विभाग की उस दृष्टि को सशक्त करती है जिसमें भविष्य के शिक्षक, शोधकर्ता तैयार किए जाते हैं, तथा विश्वास जताया कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगी। उन्होंने बताया कि सत्र 2021-2023 से उत्तीर्ण छात्रों में वर्षा, मनिषा देवी और स्वाति पुत्री बलकार सिंह शामिल हैं।

गांव मलिकपुर खादर के पास हुआ हादसा

# यमुनानगर में डंपर की टक्कर लगने से बाइक सवार पति की मौत, पत्नी घायल

- घायल महिला को इलाज के लिए पीजीआई रेफर किया
- भाई को राखी बांधकर पति के साथ घर लौट रही थी महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गांव मलिकपुर खादर के पास देर शाम डंपर की टक्कर लगने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जांच चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि हादसे के समय घायल महिला अपने पति के साथ अपने भाई को राखी बांधकर घर लौट रही थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस को दी शिकायत में यूपी के बेहट के गांव संसारपुर निवासी शेर सिंह ने बताया कि उनकी बहन कमलेश यमुनानगर शहर के चिट्टा मंदिर समीप महादेव कॉलोनी में रहती है। कमलेश रविवार को राखी बांधने घर आई थी। कमलेश का पति रविंद्र कुमार भी साथ था। दोनों बाइक पर यूपी के बेहट के गांव संसारपुर आए थे। उसे राखी बांधने के बाद कुछ देर कमलेश व उसके पति रविंद्र घर पर रुके। शाम को दोनों घर लौटने के लिए वापस बाइक पर निकल गए। जब वह दोनों छछरौली क्षेत्र के गांव मलिकपुर खादर के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रहे डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जब वह अस्पताल में पहुंचा तो जीजा रविंद्र की मौत हो गई है।

# सालेहपुर में पंचायती जमीन पर फिर कब्जा ग्रामीणों का आरोप अफसर दे रहे हैं शह

बीडीपीओ व सरपंच प्रतिनिधि ने आरोप नकारे, कानूनी कार्रवाई की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

गांव सालेहपुर की पंचायती जमीन से पर कब्जा हटवाने के लिए ग्रामीणों ने लघु सचिवालय में सीएम विंडो पर शिकायत दी है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है। ग्रामीण जगदीश, महिंद्र, सुरेश, राजकुमार, बलवंत सिंह, राम सिंह, राजदीप, सोनू ने बताया कि यह मामला पहले भी बीडीपीओ और एसडीएम के संज्ञान में लाया गया था। शिकायत के बाद डीसी के निर्देशानुसार 5 नवंबर 2024 को पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध कब्जा हटवा दिया गया था। लेकिन आरोपी पक्ष ने दो दिन का समय मांगते हुए दोबारा उस जगह पर कब्जा जमा लिया जो अब तक बरकरार है। ग्रामीणों ने बताया कि 21 जुलाई 2025 को इस मामले की शिकायत एसडीएम को दी गई थी। बाद में शिकायत डीडीपीओ को भेज दिया गया लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।



अवैध कब्जे की शिकायत करने पहुंचे सालेहपुर के ग्रामीण।

ग्रामीणों के अनुसार गांव के सरपंच, बीडीपीओ और पंचायत सचिव खुद आरोपियों का पक्ष ले रहे हैं। इसी वजह से कार्रवाई को टालने का काम कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह जमीन बीसी चौपाल की है जिसमें एक पशु अस्पताल भी स्थित है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जब भी आरोपी को कब्जा हटाने के लिए कहा जाता है, वे गाली-गलौच और धमकी पर उतर आते हैं।

### पानीपत में जहर खाने से महिला की मौत



**पानीपत।** पानीपत के किला थाना क्षेत्र के सैनी मोहल्ला वार्ड 12 निवासी रीना उर्फ अनु की गलत दवा खाने से मौत हो गई। वहीं हालत बिगडने पर परिजन रीन को निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां मेडिकल जांच के बाद चिकित्सकों ने रीना को मृत घोषित कर दिया। रीना के पुत्र बलवान सैनी ने बताया कि उनकी माता ने दवाई के धोखे में दूसरी खोली खा ली थी। इधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद रीना का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## चलती कार में आग, बाल-बाल बचे कार सवार



**लाडवा।** लाडवा-हिनौरी मार्ग पर गत रात्रि एक बहुत बड़ा हादसा होने से टल गया। गांव बपदी मोड़ के नजदीक चलती कार में अचानक आग लग गई, जब तक आग अपना असली रूप दिखाती कार में सवार तीनों लोग कार से कूद गए और अपनी जान बचाई, लेकिन कार में लगी आग से कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। घटना रविवार देर रात्रि की गांव बपदी मोड़ के पास की है। मामले की जानकारी देते हुए लाडवा थानाध्यक्ष सुनील वत्स ने बताया कि रविवार देर रात्रि लाडवा-हिनौरी मार्ग पर बपदी मोड़ के पास एक कार में अचानक आग लग गई, जिसके अंदर एक व्यक्ति सोनीपत का तथा दो व्यक्ति पानीपत के सवार थे। जैसे ही उनको एहसास हुआ कि उनकी कर में दुआ उठ रहा है और वह तुरंत प्रभाव से तीनों ही अपनी कार से नीचे उतर गए। देखते ही देखते कर में अचानक आग लग गई कर आग लगने से कार बिल्कुल जलकर राख हो गई, परंतु तीनों लोगों में से किसी को कुछ भी नहीं हुआ। इस संबंध में समाचार लिखे जाने तक कोई शिकायत नहीं आई थी। शिकायत न मिलने से पुलिस ने कोई मामला भी दर्ज नहीं किया, लेकिन पुलिस मामले की जांच जरूर कर रही है।

त्योहार | प्रेम, विश्वास और रक्षा के पर्व रक्षाबंधन पर तीन शुभ योग

रक्षा बंधन पर 95 साल बाद बन रहा दुर्लभ महासंयोग

# रक्षाबंधन त्योहार पर नहीं रहेगा भद्रा का साया, पूरे दिन बहनें बांध सकेंगी राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



राखी के त्योहार पर शुभ योगों का निर्माण भी हो रहा है

रामराज कौशिक, गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक

रक्षा बंधन भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और सुरक्षा का प्रतीक है। इस साल राखी के त्योहार पर शुभ योगों का निर्माण भी हो रहा है। इस शुभ योग में भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधना अति उत्तम माना जा रहा है। श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि पर मनाए जाने वाले इस त्योहार पर बहनें भाई की लंबी उम्र के लिए राखी बांधती हैं। रक्षा बंधन भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और सुरक्षा का प्रतीक है। 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर भद्राकाल नहीं रहेगा। इससे दिनभर रक्षा सूत्र बांधने का शुभ अवसर मिलेगा। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक रामराज कौशिक ने बताया कि हर साल बहनें अपने भाई की तरक्की और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए राखी बांधती हैं और भाई जीवन भर अपनी बहन की रक्षा करने का वचन देते हैं। रक्षा बंधन पर मुख तौर पर पूर्णिमा और भद्रा का समय देखा जाता है। वहीं, इस साल राखी के त्योहार पर शुभ योगों का निर्माण भी हो रहा है।

### बनने वाले शुभ योग

- सौभाग्य योग- यह योग पर्व की महत्ता को बढ़ा रहा है, जो 9 अगस्त की सुबह से लेकर रात्रि 2:15 बजे तक रहेगा।
- सर्वार्थ सिद्धि योग-यह सुबह 5:47 बजे से दोपहर 2:23 बजे तक रहेगा।
- ब्रह्म मुहूर्त- यह सुबह 4:22 बजे से 5:04 बजे तक रहेगा।
- अभिजीत मुहूर्त- यह दोपहर 12:17 बजे से 12:53 बजे तक रहेगा।

### पूर्णिमा का समय

हिन्दू पंचांग के अनुसार, इस साल श्रावण माह की पूर्णिमा तिथि 8 अगस्त को दोपहर 2:12 बजे शुरू होगी और 9 अगस्त को दोपहर 1:24 बजे तक समाप्त होगी। उदया तिथि के कारण, रक्षाबंधन का त्योहार 9 अगस्त को मनाया जाएगा। पंचांग के अनुसार, इस दिन पूरे समय राखी बांधने का शुभ मुहूर्त रहेगा क्योंकि भद्रा 8 अगस्त को ही समाप्त हो जाएगी, जिससे त्योहार पर भद्रा का साया नहीं पड़ेगा। रक्षा बंधन 9 अगस्त को मनाया जाएगा। वहीं, भद्रा की शुरूआत 8 अगस्त के दिन दोपहर 02:12 से होगी। 09 अगस्त को 01:52 तक भद्रा समाप्त हो जाएगी।



पानीपत। आग में जला मोबाइल फोन का शोरूम। फोटो : हरिभूमि

### पानीपत में मोबाइल के तीन मंजिला शोरूम में आग से भारी नुकसान

**पानीपत।** सनौली रोड भीम गौडा चौक पर चानना स्वीट के सामने सरदार जी की मोबाइल की दुकान पर अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि उसने तीन मंजिला बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया। वहीं सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की गाडियां मौके पर पहुंची पर तब तक पूरी मोबाइल की दुकान जल कर राख हो चुकी थी। दुकान मालिक के अनुसार करीब 12 लाख रुपये का नुकसान हुआ। जबकि आग से बिल्डिंग भी कण्डम हो गयी है। हांलाकि रिहायसी क्षेत्र होने की वजह से जब तक आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया गया तब तक क्षेत्र वासियों की जान हलक में अटकी रही। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप



### अभियान के तहत गौवंश को पहुंचाया गोशाला

**नीलोखेड़ी।** नगरपालिक सचिव राहुल सैनी की अध्यक्षता में शहर में घूम रहे आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया गया जिसमें 7 गौवंश को तरावड़ी गौशाला में पहुंचाया गया तथा एक गाय पालतू होने पर उसके मालिक द्वारा आवारा छोड़े जाने पर 2100 रूपए का जुर्माना लगाया गया।सचिव ने शहर के आमजन से अपील करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर रखने में सहयोग प्रदान करें,पशुओं को इस प्रकार आवारा न छोड़ें उन्होंने बताया कि यह अभियान 31 अगस्त तक चलेगा।मौके पर प्रेरक नरेश कुमार,मुनीश कुमार,विनोद कुमार,सुनील कुमार व अन्य कर्मी मौजूद रहे।

### इग्नू में एमए मनोविज्ञान में दाखिला 15 अगस्त तक

**करनाल।** बढ़ते तनाव और जीवनशैली से जुड़ी समस्याओं के चलते मनोवैज्ञानिकों की मांग निरंतर बढ़ रही है। यह बात इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने कही। उन्होंने बताया कि अब मनोवैज्ञानिकों के पास जाना वर्जित नहीं माना जाता, जबकि कुछ वर्ष पहले तक लोग इस विषय को लेकर हिचकिचाते थे। आज कई विद्यालयों और कॉलेजों में परामर्शदाता (काउंसलर) की नियुक्ति की जा रही है जो विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों के लिए उपयोगी सिद्ध हो रही है। औद्योगिक और खेल मनोविज्ञान जैसे क्षेत्रों में भी रोजगार की संभावनाएं बढ़ रही हैं।

### ग्रामीण विकास संस्थान के नए निदेशक का स्वागत

**करनाल।** हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के नव नियुक्त निदेशक डॉ. वीरेन्द्र सिंह चौहान ने सोमवार को करनाल में लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के प्रतिनिधियों से भेंट की। डॉ. चौहान ने कहा कि बीते 11 वर्षों में हरियाणा के गांवों में स्वच्छता, पेयजल, स्वास्थ्य और अधोसंरचना विकास में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं। असंध खंड की सरपंच एसोसिएशन के प्रधान से उन्होंने पंचायतों की समस्याओं पर चर्चा की और समाधान का आश्वासन दिया। कुश्ती कोच सोमवीर सिंह खिलाड़ियों की टीम के साथ पहुंचे और निदेशक का स्वागत किया। इस अवसर पर पंडित सुनील शास्त्री, महावीर शर्मा, योगेश ठकराल, बादल छाबड़ा, नीतिन जुनेजा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### ट्रक की टक्कर से फोर व्हीलर पलटा

**घरौंडा।** नेशनल हाईवे 44 पर गांव कंबोपुरा फ्लाईओवर के पास सोमवार को हुए भीषण सड़क हादसे में एक छोटा मालवाहक फोर व्हीलर पलट गया। हादसा उस समय हुआ जब पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने फोर व्हीलर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि फोर व्हीलर कई बार पलटता हुआ फुटपाथ पर जा अटका। गनीमत रही कि वाहन चालक को गंभीर चोटें नहीं आईं और वह सुरक्षित बच गया। जानकारी के अनुसार, फोर व्हीलर चालक बंटी, जो करनाल का रहने वाला है, करनाल की खुशदिल ट्रांसपोर्ट से माल लेकर कंबोपुरा की एक फैक्ट्री में उतारने जा रहा था।

# सुल्तानपुर के सरपंच को प्रधानमंत्री 15 अगस्त को सम्मानित करेंगे

- सरपंच जसमेर चौहान ने जल संरक्षण एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्तम कार्य किए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी**

### सरपंच ने जल संचय पर किया बड़ा काम



नीलोखेड़ी खंड के गांव सुल्तानपुर के सरपंच जसमेर चौहान ने बताया कि जल को संचय करने के लिए जोहड़ को 5 पौंड बनाया गया है जिसमें गांव से गंदा पानी व बरसाती पानी को उसमें सुरक्षित किया जाता है। जल पौड सिस्टम के तलाबों के चारों ओर क्यारी बनाकर लगभग पांच सौ फूलों के पेड़ पौधे लगाये गये। जिनका रखरखाव वह खुद करते है।

जिला करनाल ब्लॉक नीलोखेड़ी के उत्तरी हरियाणा के एकमात्र गांव सुल्तानपुर के सरपंच जसमेर सिंह चौहान को जल संरक्षण एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्तम कार्य करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 अगस्त को सम्मानित करेंगे। यह करनाल जिले के बड़े ही हर्ष का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सुल्तानपुर गांव के सरपंच जसमेर सिंह चौहान को गांव में स्वच्छता, जल संरक्षण को लेकर अनेक कार्य किए हैं। जिससे उनके गांव का नाम रोशन हो रहा है। एक वार्तालाप में सरपंच जसमेर सिंह सुल्तानपुर ने बताया कि मैं सुबह से ही अपने गांव की जल सरंक्षण पौड सिस्टम की देखभाल, साफ सफाई के लिए गलियों में, पार्कों, जिम व अन्य जगह पर जाकर उनको देखता हूं अगर कोई कमी होती है तो उनको दूर करने के लिए पंचायत के कर्मियों व खुद सफाई करने लग जाता हूं। उन्होंने बताया कि मेरा गांव 2023 में स्वच्छता में पूरे हरियाणा में अव्वल नंबर पर आया। मेरा गांव दूसरे गांवों के लिये प्रेरणा स्त्रोत है।

इस गांव के सौंदर्य को देखने के लिए केंद्रीय मंत्री हरियाणा सरकार के मंत्री व विदेशों से मंत्री भी यहां पर पहुंचे हुए हैं। जिनमें कनाडा के 5 सांसद सदस्यों की टीम, बांग्लादेश से 45 लोगों का दल, साउथ अफ्रीका से एवं केंद्रीय मंत्री कृषि मंत्री शिवराज चौहान, श्री वत्स जी आईएएस, केंद्र सरकार बी सोमनाथ जल राज्य मंत्री एवं रेल मंत्री के अलावा भी अनेकों मंत्री गांव में पहुंचे हुए हैं।




तरावड़ी। गांव का बना बस स्टैंड, उसकी दीवारों पर जागरूकता के स्लोगन।



तरावड़ी। गांव मे बनाए गए जोहड़ में किया गया जल संचय। फोटो : हरिभूमि

इस व्यवस्था को देखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर एवं हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी सरपंच के कार्य को देखकर सम्मानित किया है। गांव की सफाई व्यवस्था को लेकर गांव में लोगों को जागरूक करने के लिए जगह-जगह पर दीवारों पर स्वच्छता के स्लोगन पेंटिंग करवाए गए हैं। जिसमें गांव के लोगों का भी सफाई व्यवस्था को लोग लेकर पूरा सहयोग रहता है। सफाई व्यवस्था को लेकर गांव में कूड़ा कर्कट उठाने के लिए रेहड़ियां लगाई हुई है। गांव के बाहर कचरा शैड बनाया गया है। जिसमे कूडे की छटाई की जाती है। हलका विधायक भगवान दास कबीरपंथी के सहयोग से समय समय पर विकास कार्य करवाये जाते है। इसके इलावा बस स्टैंड, ग्राम सचिवालय, आंगनबाड़ी, सामुदायिक ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र, पार्क, जिम व सामुदायिक केंद्र भी बनाया गया है जिसमें लोग अपना सामूहिक कार्यक्रम करते रहते हैं।

## तरक्की के लिए अच्छी सड़कों का होना जरूरी: विधानसभा अध्यक्ष

# विकास: 1 करोड़ 17 लाख की लागत से बनी सड़क का हुआ उद्घाटन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा**

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि इलाके की तरक्की के लिए जरूरी है कि सड़के अच्छी हों। पिछले दस सालों में प्रयास किया गया है कि हलके की सभी सड़कें बेहतर स्थिति में हों। पुरानी सड़कों को चौड़ा किया गया है। इसके अलावा करीब 80 नई सडक़ें बनवाई जा चुकी हैं। पुरानी सड़कों को चौड़ा किया गया। करनाल के ताऊ देवी लाल चौक से यमुना तट तक मेरठ रोड को स्टेट हाईवे से नेशनल हाईवे बनवाकर राज्य सरकार ने इस पर करीब 125 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। आज यह सडक़ प्रगति में योगदान दे रही है। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण सोमवार को गांव ऊंचा समाना में रावर दादुपुर रंगरान तक करीब पौने तीन किमी लंबी संपर्क सडक़ के उद्घाटन के बाद ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष का पुष्प गुच्छ देकर, पगड़ी पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड द्वारा बनवाई गई इस सड़क पर एक करोड़ 17 लाख रुपये खर्च हुए हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि जिस क्षेत्र में सड़कों का नेटवर्क बढिय़ा होगा वह अधिक प्रगति करेगा। आज जिस सडक़ का उद्घाटन किया गया उसके डिजाइन में लोगों की सुविधानुसार कई बार बदलाव किया गया। ऊंचा समाना में पहले पुराने पुल के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ती थी। इसे भी नया बनवाया गया है। राज्य सरकार ने इस पर करीब 40 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। फलाईओवर के दोनों ओर रैंप बनाए गए हैं। पहले एक तरफ पीटीसी और दूसरी ओर पक्का पुल धाम होने के कारण अक्सर जाम लगा रहता था। दोनों ओर अंडर पास बनने से अब जाम नहीं लगेगा। उन्होंने कहा कि पक्का पुल के साथ सर्विस रोड भी बनाई जाएगी।लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त होंगी। हलके में कई अस्पतालों और स्कूलों का विस्तार किया गया है। तरक्की का सफर दुगुनी गति से आगे बढ़ेगा।



घरौंडा। विकास कार्यों का उद्घाटन करते विधानसभा अध्यक्ष साथ में अन्य।

### जायज मांगों को पूरा करने का होगा हरसंभव प्रयास

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की हर जायज मांग को पूरा करने के लिए अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विकास के मामलों में उन्हें राजनीति पंसद नहीं। सरकार जनता की भलाई के लिए होती है। यह हलका तरक्की की ओर अग्रसर है। इससे 36 बिरादरी को फायदा होगा। मेडिकल यूनिवर्सिटी, रिंग रोड, रेपिड रेल प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। अब तो घरौंडा जैसे शहर में पांच सितारा होटल भी बनने लगे हैं।



असंध। विकास कार्यों का उद्घाटन करते विधायक योगेंद्र राणा।

### विधायक ने 1.2 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण किया

असंध/करनाल। असंध विधायक योगेन्द्र राणा ने विधानसभा क्षेत्र में लगभग 1 करोड़ 2.5 लाख रुपये की लागत से पूर्ण हुई विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। गांव फफड़ाना में राजकीय पशु औषधालय तथा डेरा गामा में पशु चिकित्सालय के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया। गांव बाहरी में गोगामेड़ी गली और हरिनारायण गली, झिमरी खेड़ा में फिरनी और अरडाना में ओढ़ चौपाल के सौंदर्यीकरण सहित अन्य निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में फफड़ाना सरपंच सीमा, डेरा गामा सरपंच अमृत सिंह, बाहरी सरपंच पाला राम, झिमरी खेड़ा सरपंच प्रदीप कुमार, अरडाना सरपंच नीरज रानी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। विधायक योगेन्द्र राणा ने गांव राहड़ा की गौशाला में 21 लाख रुपये की राशि अनुदान स्वरूप प्रदान की। उन्होंने कहा कि इससे गौशाला में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और उठाई गई मांगों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।



### बेसहारा गौवंश पकड़ने का अभियान तेज

करनाल। नगर निगम करनाल ने हरियाणा सरकार के निर्देशों पर बेसहारा गौवंश को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चला रखा है। उप निगमायुक्त अभय सिंह ने बताया कि 1 अगस्त से प्रारंभ इस अभियान के तहत सोमवार को 13 बेसहारा गौवंश पकड़े गए, जबकि अब तक कुल 38 पशुओं को सुरक्षित पकड़कर फूसगढ़ स्थित गौशाला व नंदीशाला में छोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि निगम ने छह सदस्यीय टीम गठित की है और एक विशेष वाहन भी लगाया गया है, जो विभिन्न क्षेत्रों से पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में पहुंचा रहा है। वर्तमान में यह अभियान मुख्य सड़कों, सेक्टरों और बाजार क्षेत्रों में चलाया जा रहा है। इसके बाद यह मोहल्लों और आंतरिक इलाकों में भी चलेगा। अभय सिंह ने कहा कि कई लोग दूध निकालने के बाद जानबूझकर अपने पशुओं को सड़कों पर बेसहारा छोड़ देते हैं, जिससे यातायात और स्वच्छता व्यवस्था बाधित होती है और दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे मामलों में पशु जब्त कर लिया जाएगा और वापस नहीं लौटाया जाएगा, साथ ही कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।



तरावड़ी। स्कूल के विजेता बच्चों के साथ अध्यापकगण। फोटो : हरिभूमि

### संभावना एवं चुनौतियां विषय पर सेमिनार आयोजित

तरावड़ी। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तरावड़ी में 2 अगस्त को क्वांटम युग का आगाज संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर विज्ञान सेमिनार का आयोजन किया गया। फिजिक्स प्रवक्ता संदीप कुमार ने यह आयोजन करवाया और बताया कि एससीईआरटी गुरुग्राम के आदेशानुसार कक्षा आठवीं से कक्षा दसवीं के विद्यार्थी इस सेमिनार में भाग ले सकते हैं। विद्यालय स्तर पर विजेता विद्यार्थी 5 अगस्त को ब्लॉक स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा। इस सेमिनार के माध्यम से बच्चों क्वांटम फिजिक्स क्वांटम कंप्यूटर इनटाईगलमेन्ट क्या होता है। इस सेमिनार में चेष्टा शर्मा दसवीं ने प्रथम जैसमीन दसवीं ने द्वितीय एवं भारती आठवीं ने तीसरा स्थान प्राप्त किया अनुपम शर्मा व मीना जी ने निर्णनायक की भूमिका निभाइए्। प्रधानाचार्य नवीन गुप्ता ने बच्चों को मेडल व प्रशंसा पत्र प्रदान किये।

# चार दिन बाद मिला फर्नीचर कारोबारी का शव, यमुना नहर में गिरी थी कार

- शव के साथ सोने की चैन, एप्पल की घड़ी, गले की पहचान और बांह पर टैटू मिलने के बाद फोटो परिजनों को भेजे जिससे पुष्टि हुई
- इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भिजवाया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल**

करनाल के कैथल पुल के पास पश्चिमी यमुना नहर में 31 जुलाई की रात गिरे वाहन हादसे में लापता असंध के फर्नीचर कारोबारी अमित मिगलानी का शव सोमवार को बरामद हो गया। इससे पहले पत्नी मीनू मिगलानी का शव हादसे वाली रात ही कार से निकाला गया था।

चार दिनों से लगातार एसडीआरएफ, गोताखोरों और प्रशासन की टीम द्वारा चलाया गया सर्च ऑपरेशन सोमवार को गगसीना पुल के पास सफल रहा। जब टीम की बोट झाड़ियों और घास के पास से गुजरी, तो पानी में हलचल के चलते झाड़ियों में फंसी हुई बॉडी अचानक ऊपर आ गई। शव काफी दूर तक बहकर पहुंच चुका था और उसे निकालने के लिए टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। एसडीआरएफ के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि 3 अगस्त को पिछोलिया हेड तक सर्च ऑपरेशन चलाया गया था, लेकिन तेज धार और मोटरबोट से काम न होने के कारण उसे रोकना पड़ा। सोमवार को गगसीना पुल से सर्च दोबारा शुरू किया गया, जहां टीम को सफलता मिली।

### आखिर क्या हुआ 31 जुलाई की रात को?

31 जुलाई की रात करीब 7 बजे अमित मिगलानी और उनकी पत्नी मीनू कार में सवार होकर किसी पारिवारिक कार्यक्रम से लौट रहे थे। इसी दौरान असंतुलित होकर उनकी क्रेटा कार यमुना नहर में गिर गई। राहगीरों द्वारा शोर मचाए जाने पर रेस्क्यू शुरू किया गया, जिसमें मीनू का शव उसी रात बरामद कर लिया गया, लेकिन अमित लापता थे। परिवार और इलाके में इस दर्दनाक हादसे से शोक की लहर दौड़ गई थी।

# विधायक रामकुमार कश्यप ने सुनीं समस्याएं

- जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का निवारण करना न केवल उनका दायित्व है, बल्कि यह उनका कर्तव्य भी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री**

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनी । उन्होने कहा कि जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का निवारण करना न केवल उनका दायित्व है, बल्कि यह उनका कर्तव्य भी बनता है। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास हमेशा यही रहता है कि लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो। विधायक ने कहा कि वे जनसेवा की भावना से प्रत्येक सोमवार को सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में जनसुनवाई कार्यक्रम विशेष रूप से संचालित कर रहे हैं, ताकि आम जनता से सीधे संपर्क कर उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान कर सकें। उन्होंने कहा कि हलके के लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए किसी भी समय उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी हर क्षेत्र में विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं। वही दूसरी ओर विधायक रामकुमार कश्यप ने गांव ब्याना के एक निजी स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। युवा पीढ़ी की यह जिम्मेदारी है कि वे प्रकृति को बचाने में अपना योगदान दें। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के दूरगामी परिणाम सामने आएंगे। हमें इस अभियान में शामिल होते हुए पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे रोपित करने चाहिए। पौधे लगाने के साथ हमें उनकी देखभाल भी करनी चाहिए।



इंद्री के विश्राम गृह मे हल्के के लोगों की समस्याऐं सुनते विधायक रामकुमार।



### शिव भक्ति में डूबे भक्त, जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

करनाल। श्रावण मास की शिवमयी संध्या, भक्ति का उमड़ता सैलाब और जयकारों की गूंज से सनातन धर्म मंदिर, रामनगर का वातावरण अलौकिक अनुभूति से भर गया। /"ॐ नमः शिवाय/" जाप परिवार द्वारा आयोजित सावन महोत्सव में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने भोलेनाथ के चरणों में आराधना कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के यजमान वार्ड पार्षद राजेश अघी सहपरिवार रहे, जिन्होंने विधिवत पूजन कर समस्त नगरवासियों की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। मुख्य अतिथि सोनू शर्मा अपनी धर्मपत्नी सहित कार्यक्रम में उपस्थित रहे और शिव दरबार में श्रद्धा के फूल अर्पित किए। पूरे आयोजन का संचालन वेदाचार्य पुजारी कृष्णाचार्य द्विवेदी ने वैदिक मंत्रों के साथ किया। विशेष आकर्षण के रूप में जसवंत मिढ्ढा और अमित मुंजाल ने महादेव के भजन प्रस्तुत कर उपस्थित भक्तों को भावविभोर कर दिया।

**खेलकूद** | 50 से ज्यादा छात्र छात्राएं जिला स्तर पर चयनित हुए

# प्रताप पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने ब्लॉक स्तरीय खेलों में किया शानदार प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी**

प्रताप पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि अनुशासन, परिश्रम और समर्पण के साथ यदि लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाए जाएं, तो सफलता अवश्य प्राप्त होती है। हाल ही में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर अनेक प्रतिस्पर्धाओं में जिला स्तर के लिए चयनित हुए । विभिन्न आयु वर्गों में जिला स्तर के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की। जिसमें दौड़ प्रतियोगिता में अंडर-14 वर्ग से 2 छात्राएँ, अंडर-17 से 1 छात्रा और 1 छात्र तथा अंडर-19 से 3 छात्राएँ & 1 चयनित हुईं। शॉट पुट (गोला फेंक) में अंडर-14 वर्ग से 1 छात्रा और 2 छात्र, अंडर-17 से 1 छात्र छात्रा तथा अंडर-19 से 2 छात्राएँ और 1 छात्र ज़िला स्तर के लिए चुने गए। डिस्कस थ्रो में अंडर-14 से 2 छात्राएँ और 1 छात्र, अंडर-17 से 2 छात्राएँ और 1 छात्र जबकि अंडर-19 से 1 छात्र चयनित हुआ। लॉन्ग जंप, हाई जंप और हैमर थ्रो - तीनों प्रतियोगिताएं अंडर-19 वर्ग में आयोजित हुईं, जिनमें प्रत्येक में 1-1 छात्र का चयन ज़िला स्तर के लिए हुआ। रिले रेस में भी विद्यालय के खिलाडियों ने शानदार तालमेल दिखाया। शतरंज में मानसिक चतुराई का परिचय देते हुए अंडर-14 में 4 छात्राएँ और 1 छात्र, अंडर-17 में 5 छात्राएँ और 1 छात्र, तथा अंडर-19 में 5 छात्र चयनित हुए। ताइक्वांडो में अंडर-14 से 5 छात्राएँ और 3 छात्र, अंडर-17 से 5 छात्राएँ और 3 छात्र, तथा अंडर-19 से 2 छात्र ज़िला स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए चुना गए।



तरावड़ी। प्रताप स्कूल के बच्चें खेलों मे भाग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि




### दयाल सिंह पब्लिक स्कूल की छात्राओं का ज़ोनल बास्केटबॉल में शानदार प्रदर्शन, किया सम्मानित

करनाल। ज़ोनल स्कूल गेम्स में दयाल सिंह पब्लिक स्कूल (मेन ब्रांच) की छात्राओं की बास्केटबॉल टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। अंडर-14 टीम ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, जबकि अंडर-17 टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों टीमों का चयन अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुषमा देवगन और मुख्य अध्यापिका प्रिया कपूर ने विजेता छात्राओं को बधाई दी और कहा कि यह टीम भावना, लगन और सतत अभ्यास का परिणाम है। शारीरिक शिक्षक संजय चौधरी व सीमा रानी के मार्गदर्शन में छात्राओं ने यह सफलता प्राप्त की।

## खबर संक्षेप

### मारपीट के चार आरोपी पकड़े

**समालखा।** समालखा थाना पुलिस ने करहंस गांव में सुरेंद्र उर्फ नीटू को चोट मारने के चार आरोपियों राजबीर उर्फ राजू, कृष्ण, सतनारायण निवासी गांव करहंस व दिवाना गांव निवासी राहुल उर्फ रोबट को गिरफ्तार किया है। थाना समालखा प्रभारी दीपक ने बताया कि इस मामले में थाना समालखा में सिवाह गांव निवासी रवि पुत्र रणबीर की शिकायत पर केस दर्ज है।

### किसान मोर्चा ने बैठक की

**पानीपत।** संयुक्त किसान मोर्चा जिला तालमेल कमेटी की बैठक मजदूर संगठन सीटू जिला कार्यालय गीता कॉलोनी में हुई। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक जयकरण कादयान, संचालन सहसंयोजक सुनील दत्त, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान डॉ.सुरेंद्र मलिक, हरियाणा किसान सभा के जिला प्रधान सेवा सिंह मलिक, सीटू जिला सचिव जय भगवान, कोषाध्यक्ष नवीन, ऐटक जिला प्रधान पवन सैनी, खेत मजदूर यूनियन के जिला सचिव राजेंद्र छौक्कर, उप प्रधान अंग्रेज सिंह आदि उपस्थित रहे।

### आचार्य बालकिशन का जन्मदिन मनाया

**पानीपत।** आचार्य बालकिशन के जन्मदिन पर सोमवार सुखदेव नगर पार्क में जड़ी बूटियां से मनाया गया। वहीं, योग शिक्षक रामपाल शर्मा ने सभी को योग कराया तथा आचार्य बालकिशन के जीवन के बारे में बताया। इस अवसर पर सुरेश जैन, संजय मल्होत्रा, नरेश गंभीर, अशोक, नीरू जैन, सोनिया सरधना, सुनीता, ममता, बिमला, मीनाक्षी यादव आदि मौजूद रहे।

### बीके बहनों ने राखी बांधी

**पानीपत।** रक्षाबंधन के पर्व को लेकर गांव कुराड़ स्थित टैगोर पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित राजयोग केन्द्र बापौली की संचालिका ब्रह्माकुमारी ललीता बहन मुख्यातिथि रही। अध्यक्षता स्कूल प्रधानाचार्य सुशील देशवाल ने की। बहमकुमारी ललीता बहन ने रक्षाबंधन पर्व के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए स्टाफ को राखी बांधी।

### यमुना एंक्लेव पार्क में पौधे रोपे

**पानीपत।** पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में शिरोमणि आचार्य बालकिशन के जन्मदिन के पर जिला प्रभारी अशोक अरोड़ा के मार्गदर्शन में जड़ी बुटी दिवस यमुना एंक्लेव पार्ट टू के पार्क में मनाया और पौधे रोपे। वहीं, यज्ञ में दीवान चंद आहूजा, डॉ.मुखीजा रामपाल, बलवान, महेंद्र कत्याल, मोहन शर्मा, विनोद अरोड़ा, सुभाष बजाज, जेपी गुलाटी, आरडी सैनी, अर्जुन मुखीजा, बलबीर, तारा चंद सैनी, राजेश ठकराल, प्रवीण, वीरा गोयल, प्रेम चावला, नीलम वधवा, रचना मुखीजा, सुमन, रेखा सेतिया, सुनीता, मधु शास्त्री, संजुला, ललिता, वीना चुघ, कांता, अंजलि, दीपिका सिंगला व रितु बाली आदि उपस्थित रहे।

### जरूरतमंदों के लिए छतरियां बांटी

**पानीपत।** इनर व्हील क्लब पानीपत ने सामाजिक सेवा कार्यक्रम के तहत बारिश के मौसम को देखते हुए जरूरतमंद लोगों को छतरियां वितरित की गईं। इन छतरियों पर इनर व्हील का लोगो छपा हुआ था, जो क्लब की पहचान को दर्शाता है। इस अवसर पर शुभ्रा कत्याल सीमा चोपड़ा, अनीता कपूर, डॉ. गीता, अनुराधा कालरा, अमीता ढींगरा, मोनिका दीपा, जनीचांद आदि उपस्थित रहे।

### दलितों को ऋण मिलेगा

**पानीपत।** एचएसएफडीसी के जिला प्रबन्धक डॉ. बिजेन्द्र श्योराण ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा अनुसूचित जाति वित एवं विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति के बेरोजगार व्यक्तियों को स्वरोजगार हेतू जिनकी वार्षिक आय, परिवार पहचान पत्र के अनुसार 3 लाख तक हो एवं उम्र 18 से 45 वर्ष हो और वह हरियाणा राज्य का स्थाई निवासी हो एवं पहले से किसी बैंक / सरकारी वित्यि संस्था व निगम का डिफाल्टर ना हो। उनके लिए ऋण आवेदन पत्र आमन्त्रित किए जाते है।

---

### सिविल अस्पताल में एक घंटा ओपीडी बंद रखी

# जिओ फेंसिंग आधारित हाजिरी सिस्टम के खिलाफ प्रदर्शन

#### सीएम के नाम सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



**पानीपत।** स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक, सीएमओ डॉ. विजय मलिक को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

स्वास्थ्य विभाग में जिओ फेंसिंग आधारित हाजिरी सिस्टम के खिलाफ सोमवार को चिकित्सकों व कर्मचारियों ने एक घंटें तक चिकित्सा सेवा बंद रख कर विरोध किया। चिकित्सकों व कर्मचारियों ने जिओ फेंसिंग आधारित हाजिरी सिस्टम को अपनी निजता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन बताया। वहीं अस्पताल में ओपीडी बंद हो जाने के चलते मरीजों की लंबी लाइनें लग गईं। रोगियों को अपना उपचार कराने में खासी परेशानी हुई। इधर, चिकित्सकों का कहना है कि जब तक यह व्यवस्था वापस नहीं ली जाती, उनका विरोध जारी रहेगा। वहीं, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि जिओ फेंसिंग ऐप, जो यह सुनिश्चित करता है कि कर्मचारी अपने निर्धारित कार्य स्थल से 100 मीटर से अधिक दूर न जाए, उनकी पेशेवर स्वतंत्रता और गोपनीयता का उल्लंघन है। उनका कहना है कि डॉक्टरों को अक्सर अपने काम के सिलसिले में अस्पताल से बाहर जाना पड़ता है और इस ऐप के जरिए उनकी लोकेशन ट्रैक करना उनके लिए परेशानी का सबब है। वहीं आंदोलनकारियों ने सीएमओ डॉ विजय मलिक को जिओ फेंसिंग आधारित हाजिरी सिस्टम के विरोध ज्ञापन सौंपा। इधर, सीएमओ डॉ विजय मलिक ने कहा कि सरकार द्वारा डॉक्टरों और कर्मचारियों की हाजरी लगाने के लिए ऐप जारी की गई है। जिसका सभी डॉक्टरों द्वारा विरोध किया गया है और एक घंटे तक पेन डाउन कर प्रदर्शन किया गया है। डॉक्टरों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन को सरकार तक पहुंचा दिया जाएगा, उसके बाद निर्णय लेना सरकार का कार्य है।



बिजली कर्मचारी प्रदर्शन करते हुए।

## बिजली कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर धरना दिया

**पानीपत।** हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर्स यूनियन का विरोध प्रदर्शन सोमवार को भी जारी रहा। बिजली कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। जूनियर इंजीनियर अंकित के अनुचित निलंबन के विरोध में यह धरना अब कार्यकारी अभियंता सब अर्बन डिविजन कार्यालय के सामने हो रहा है। यूनियन के आरोपों के अनुसार एक मीटर टेंपरिंग मामले में निर्दोष जेई अंकित को फंसाया गया है, जबकि असली दोषियों को बचाया जा रहा है। यूनियन के प्रधान राकेश कुमार ने एक बार फिर विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि मामले की जांच निष्पक्ष नहीं हुई है और यह एक जान बूझकर की गई कार्रवाई है। राज्य के उप प्रधान जितेंद्र सैनी ने कहा कि अगर समय रहते अंकित जेई को बहाल नहीं किया गया तो यह आंदोलन और भी तेज होगा और अगली कड़ी में यह आंदोलन सर्कल स्तर पर जा सकता है। जिसकी पूर्णता जिम्मेवारी अधिकारियों की होगी। कर्मचारियों में इसे लेकर भारी रोष है। सके अतिरिक्त सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाल करने और यूपीएस के विरोध में काले बिल्ले लगाकर एकजुटता दिखाई। कर्मचारियों को संबोधित करने वालों में अमित कुमार, सुरेंद्र शर्मा, संजय सैनी, बलकार, जितेंद्र, कमल, रमेश कुमार, सनौली रोड प्रधान जितेंद्र वर्मा, सचिव विनोद कुमार, सिटी यूनिट प्रधान दलेल शर्मा और सिटी यूनिट कार्यकारणी के अन्य सदस्य शामिल थे।

## विद्यार्थियों के हित में संघर्षरत है इनसो: अजय



■ महिलाओं की राजनीति में भागीदारी विषयों पर सेमिनार का होगा

**पानीपत।** जन नायक जनता पार्टी का छात्र विंग इनसो के स्थापना दिवस मंगलवार को पानीपत के सिवाह गांव स्थित चौ देवी लाल मैमोरियल कन्या महाविद्यालय में सामाजिक सरोकार दिवस के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण एंव महिलाओं की राजनीति में भागीदारी विषयों पर सेमिनार का आयोजन होगा। वहीं जजपा प्रवक्ता अजय सिंह बिंझौल ने बताया की इनसो विद्यार्थियों के हितों के लिए संघर्षरत है। वहीं सेमिनार में जेजेपी की वरिष्ठ नेत्री नैना चौटाला बिमला कादियान अतिथि व महिला विंग की जिलाध्यक्ष रजनी मलिक समारोह की अध्यक्षता करेगी। वहीं, जजपा की वयोवृद्ध नेत्री फूलपति, सुरेश काला, देवेंद्र कादियान, जजपा जिलाध्यक्ष रामनिवास, इनसो के जिलाध्यक्ष बलराज देशवाल, राजेंद्र जैलदार समेत युवा वर्ग सेमिनार में भाग लेंगे।

### अधिकारी निष्ठा से समस्याओं का हल करें : एसडीएम

■ समस्याओं को लेकर और ध्यान देने की जरूरत

**पानीपत।** एसडीएम मनदीप सिंह ने सोमवार को जिला सचिवालय के सभागार में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि नागरिक बारिश के मौसम में भी अपनी समस्याओं को लेकर समाधान शिविर में पहुंच रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे जनता समाधान शिविर में दर्ज समस्याओं का निष्ठा व लगन से कार्य करके समाधान करें। अधिकारियों को समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं को लेकर और ध्यान देने की जरूरत है। वहीं, निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने कहा कि समाधान शिविर में जो नागरिक अपनी समस्याएं लेकर आ रहे हैं। उनकी समस्याओं का समाधान करना हमारी अहम जिम्मेदारी है।

## कैथल के विद्यार्थियों ने पाइट में आधुनिक तकनीक का ज्ञान लिया

#### पाइट में एआइसीटीई आइडिया लैब में प्रशिक्षण दिया गया



पानीपत। पाइट में टीचर्स के साथ डीएवी स्कूल, कैथल के विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| समालखा

लेजर कटिंग क्या होती है, थ्रीडी प्रिंटिंग कैसे की जाती है, इंटरनेट ऑफ थिंग्स यानी आइओटी से क्या-क्या किया जा सकता है, ओएस डीएवी स्कूल कैथल के विद्यार्थियों को फ्यूचर टेक्नॉलोजी से रूबरू कराया गया। सात दिन तक 52 विद्यार्थियों को पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में ट्रेनिंग दी गई। पाइट में एआइसीटीई आइडिया लैब में यह प्रशिक्षण दिया गया। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को भविष्य की तकनीकों से परिचित कराना और उन्हें व्यावहारिक कौशल से सुसज्जित करना था। बोर्ड सदस्य शुभम तायल ने बताया कि छात्रों को एआर-वीआर टेक्नॉलोजी एवं एआइ के बारे में बताया गया। मनीषा गुगलानी, मनीषा, पारस और परमिंदर सिंह ने ट्रेनिंग दी। डॉ. अंजू गांधी और डॉ. सुनील ढुल ने समन्वयक की भूमिका निभाई। विशेषज्ञ सत्रों का संचालन डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, डॉ. शशि बाला, डॉ. स्तुति और पारूल ने किया। पाइट के सचिव सुरेश तायल ने भी प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर आइडिया लैब के प्रशिक्षक निखिल, अंकुर, अंकित, रोशन, करण और प्राची भी मौजूद रहे।

## जन्मदिन पर पवन ने 68 वीं बार रक्तदान किया



**पानीपत।** विख्यात समाजसेवी पवन लाकड़ा ने अपने 47वें जन्मदिन पर रेड क्रॉस में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें खुद पवन लाकड़ा ने अपने जन्मदिन पर 68वीं बार रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर में युवा सैन एकता मंच ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुखदेव सैन डोलिया ने कहा कि रक्त दान इस जीवन में सबसे बड़ा महादान है। रमेश सैन अहरिया ने कहा कि हमें भी अपने जीवन में यह संकल्प लेना चाहिए कि मानवता के मंच से कर दो यह ऐलान, समय-समय पर हम सभी करेंगे रक्तदान। इस मौके पर युवा सैन एकता मंच से सुरेश सैन, प्रदीप सैन, राकेश सैन, मुकेश सैन, मोहित बाली, सोनू उग्राखेड़ी, मोनू बाली, सागर लाकड़ा, परवीन, प्रदीप ठाकुर, कृष्ण लाकड़ा आदि मौजूद रहे।

### स्वतंत्रता दिवस पर बैठक आज

**पानीपत।** स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाने के दृष्टिगत मंगलवार को जिला सचिवालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया करेंगे। यह जानकारी नगराधीश टीनू पोसवाल ने दी। उन्होंने सभी विभागों के अध्यक्षों को निर्देश दिए कि उक्त बैठक में शामिल होना सुनिश्चित करें।

### राजकीय स्कूल में पौधे रोपे

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ौली में प्राचार्य ओम सिंह राणा और स्टाफ सदस्यों ने निजी कोष से 50 अशोका के पौधे खरीदकर स्कूल प्रांगण में रोपित किया गया। इस अवसर पर डीपीई उमेद सिंह, ईको क्लब प्रभारी ललित कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक, प्राध्यापिका मधुबाला, राम नरेश, रविंद्र सिंह, दीपिका धवन, राकेश कुमार, प्रदीप मलिक, विजेंद्र सिंह, उमेद सिंह, सुदेश रानी, अंजलि, ख़ुशी राम, प्रवीण कुमार, विष्णु, सीमा, सुनील कुमार, बलविंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# देश विभाजन के घाव अभी भी हरे: भाटिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



**पानीपत।** भाजपाइयों की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट।

भाजपा के विभाजन विभीषिका के जिला संयोजक नवीन भाटिया ने कहा कि विश्व के राजनीतिक इतिहास में वर्ष 1947 में विभाजन के समय विघटनकारी व्यक्तियों द्वारा निर्दोष लोगों की निर्ममता से हत्या की गई। इस विभाजन विभीषिका में लगभग 11 लाख लोगों की हत्या ही नहीं की गई बल्कि इतने ही लोगों को यातनाओं का सामना करना पड़ा। जब हमारे बुजुर्ग इस घटना को अपनी अगली पीढ़ी को बताते हैं तो भावावेग में आंखें से आंसू रोके नहीं रुकते। यह अलग बात है कि विभाजन के समय जो व्यक्ति हिंदुस्तान आये थे आज वे सभी न केवल सभी क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं बल्कि देश को चौथी आर्थिक शक्ति बनाने में भी इन देशभक्तों का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि विभाजन विभीषिका से पीड़ित 75 अथवा इससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को सम्मानित करने का निर्णय भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने लिया है। कार्यक्रमानुसार आगामी 8 अगस्त को एसडी महाविद्यालय में जिला स्तरीय वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विभाजन विभीषिका विषय पर प्रदर्शनी का आयोजन होगा। विभाजन के दर्द और यातना विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा और विभाजन के ज्ञात-अज्ञात अमर शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी जाएगी और 14 अगस्त को फरीदाबाद के दशहरा ग्राउंड में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

**मौके पर ये मौजूद रहे**

इस अवसर पर विधायक प्रमोद विज, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, महापौर कोमल सैनी, सुरेश गुम्बर, रोशन लाल माहला, चांद भाटिया, राहुल विज, विवेक कत्याल, रमेश माटा, पार्षद तरुण गांधी, गौरव लीखा, ओमदत्त आर्य आदि उपस्थित रहे।

# अपनी जमीन का लैंड बैंक बनाएगा नगर निगम: मेयर सैनी

#### महापौर ने जनसुविधाओं व विकास योजनाओं को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की



पानीपत। मेयर कोमल सैनी, अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

पार्षदों द्वारा जनहित के लिए प्रस्तावित किए गए कार्यों को गंभीरता से ले एवं नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता समय समय पर जांच की जाए। ये शब्द नगर निगम मेयर कोमल सैनी ने तकनीकी शाखा के अधिकारियों के साथ की मासिक समीक्षा बैठक में कही। वहीं, महापौर कोमल सैनी ने सोमवार को अपने कार्यालय में नगर निगम की तकनीकी शाखा के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में निगम के कार्यकारी अभियंता गोपाल कलावत, राहुल पुनिया, सुमित नांदल एवं रूपेश कुमार सहित सभी सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता उपस्थित रहे। मेयर कोमल सैनी ने संबंधित अधिकारियों से विगत 25 जून को सदन की बैठक में मंजूर किए गए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट मांगी। वहीं मेयर सैनी ने कहा कि नगर निगम की सदन की बैठक में पारित किए गए प्रस्तावों पर गंभीरता से काम करें। मेयर सैनी ने एग्रो मॉल में लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए साथ ही शिव चौक पर बनने वाली सब्जी मंडी, नवनिर्वाचित पार्षदों के बोर्ड, नगर की जमीन का लैंड बैंक बनाने, नगर निगम द्वारा एकलाख पौधे लगाने के कार्य आदि विषयों पर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की।

## विद्यार्थियों ने सैनिकों के लिए राखी भेजी

विद्यालय के चेयरमैन अतुल जैन, डायरेक्टर मधु अग्रवाल ने बच्चों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि यह त्यौहार भाई-बहन के प्यार का प्रतीक है।



**पानीपत।** जीडी गोयंका स्कूल के विद्यार्थी, बनाई गई राखी दिखाते हुए। फोटो :हरिभूमि

■ बच्चों को रक्षाबंधन की बधाई देते हुए बच्चों को रक्षाबंधन का महत्व बताए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में राखी पर्व पर राखी बनाओ गतिविधि का आयोजन किया गया। बच्चों ने रिबन, मोली, मोती व सितारों की मदद से सुंदर व आकर्षक राखियां व कार्ड बनाए व देश के सैनिकों को भेजे। विद्यालय के चेयरमैन अतुल जैन, डायरेक्टर मधु अग्रवाल ने बच्चों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि यह त्यौहार भाई-बहन के प्यार का प्रतीक है। प्रधानाचार्य रेनुका अनेजा ने बच्चों को रक्षाबंधन की बधाई देते हुए बच्चों को रक्षाबंधन का महत्व बताए। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन युवराज जैन, सीए कमल किशोर, एडवाइजर मुस्कान जैन, बलराम शर्मा, शिक्षक वर्ग व विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

### महाविद्यालय समय-समय पर गरीब और जरूरतमंद छात्रों के लिए किताबें प्रदान करता है

# अनुशासित मेहनत के बल पर मिली है सफलता: डॉ. शशि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



आईबी कॉलेज में मंचासीन प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक व टीचर्स।

आईबी कॉलेज में विज्ञान संकाय के बीएससी, बीएससी, बीसीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों हेतु ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मुख्यतः विद्यार्थियों को महाविद्यालय की समस्त गतिविधियों, संरचनाओं व पाठ्यक्रम से अवगत करवाने के लिए आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. शशि प्रभा मलिक ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि यह कॉलेज आधुनिक सुविधाओं से संपन्न हैं और इस क्षेत्र का सर्वोत्तम नैक ग्रेडेड वाला कॉलेज है। यहां शिक्षा और अनुशासन के साथ साथ विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अथक प्रयास किए जाते हैं।

जिसमे आधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाएं, कंप्यूटराइज्ड पुस्तकालय, लैंग्वेज लैब, स्किल डेवलपमेंट सेंटर, जिम तथा अन्य आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को कॉलेज में अत्याधुनिक, सुविकसित और पूरी तरह से सुसज्जित विज्ञान प्रयोगशालाओं के बारे में भी अवगत कराया और छात्रों को यह भी सूचित किया कि महाविद्यालय समय-समय पर गरीब और जरूरतमंद छात्रों के लिए किताबें भी प्रदान करता है। इस अवसर पर डॉ. पूनम मदान, प्रो. सोनिया, डॉ.अर्पणा गर्ग, डॉ. सुनीता ढांडा, प्रो. खुशबू, डॉ. नरवीर, डॉ. चेतना नरूला, डॉ. सुनित शर्मा, डॉ. विक्रम कुमार, प्रो. पवन कुमार, प्रो. कनक शर्मा, डॉ. पूनम गुप्ता, प्रो. संगीता आदि उपस्थित रहे।

### हजरत कलंदर की दरगाह में दिल्ली निवासी की मौत

**पानीपत।** पानीपत में स्थित विश्व प्रसिद्ध हजरत बू अली कलंदर साहब की दरगाह परिसर में दिल्ली के तिलक नगर निवासी 57 वर्षीय हरभजन सिंह की मौत हो गई। सिंह, रविवार को हजरत कलंदर साहब की मजार पर पूजन के लिए आए थे। सिंह की दरगाह में कव्वाली सुन रहे थे और उनकी अचानक तबीयत खराब हो गई। घटना की सूचना मिलने पर थाना किला पुलिस मौके पर पहुंची और हरभजन को सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां मेडिकल जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस केस की जांच कर रहे एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस ने हरभजन की मौत के सही कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम करवाया है। पुलिस पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के आधार पर इस मामले में आगे की कार्यवाही करेगी।

### विवाहिता को पीटा, केस दर्ज

**इसराना।** पानीपत के गांव नौल्था निवासी एक विवाहिता को उसके जींद निवासी सुसराल वालों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। वहीं इसराना थाना पुलिस ने विवाहिता के बयान दर्ज किए और सुसराल वालों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विवाहिता का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर सुसराल वालों ने प्रताडित किया और घर से निकाल दिया।

### पुलिस ने दो चोर पकड़े

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस टीम ने हुडा सेक्टर 24 में निर्माणाधीन मकान से बिजली की तार व अन्य सामान चोरी करने के दो आरोपियों विद्यानंद कॉलोनी निवासी दानिश पुत्र इरशाद व साइम पुत्र जावेद को गिरफ्तार किया।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी अमरीक सिंह उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार किया है। शाहपुर के हरविंद्र सिंह ने 29 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने गांव में स्थित घर के बाहर से उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### एसडीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं

**नारायणगढ़।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती ने आमजन की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। बता दें कि शिविर में गंदे पानी की निकासी, साफ-सफाई, सडक़ की मरम्मत, आधार कार्ड में संशोधन जैसी समस्याएं आईं। सभी शिकायतों को गंभीरता से लिया गया।

### माताओं को स्तनपान की दी जानकारी

**शहजादपुर।** विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर खंड के विभिन्न गांवों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को आमंत्रित कर स्तनपान के फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा कई धात्री माताओं के घरों में जाकर व्यक्तिगत रूप से बातचीत की गई और उन्हें स्तनपान के महत्व को समझाया गया। माताओं को बताया गया कि मां का दूध शिशु के लिए संपूर्ण आहार है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी गुरचरण सिंह को गिरफ्तार किया है। वाटिका सिटी सेंट्रल के रहने वाले देवेंद्र पाल ने 2 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी गुरचरण सिंह ने उसकी सोना अंगूठी चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### श्रीकृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार ने की परिक्रमा

**कुरुक्षेत्र।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की प्रेरणा से श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा ब्रह्मसरोवर की मासिक परिक्रमा आयोजित की गई। परिक्रमा का शुभारंभ श्रीकृष्ण कृपा गौशाला के चेयरमैन हंसराज सिंगला तथा श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा के प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा ने ठाकुर जी के आगे दीप प्रज्वलित करके किया।

### गुरुद्वारा सिंह सभा ने बांटा आयुर्वेदिक जूस

**पिहोवा।** गुरुद्वारा सिंह सभा द्वारा आयोजित आयुर्वेदिक जूस वितरण कार्यक्रम का आयोजन रविवार को भारत विकास परिषद शाखा पिहोवा के सौजन्य से मॉडल टाउन के बड़े पार्क में किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और स्वास्थ्यवर्धक जूस का सेवन कर लाभ उठाया। गुरुद्वारा सिंह सभा कमेटी एवं भारत विकास परिषद के सदस्यों ने इस सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरी निष्ठा से सेवा प्रदान की।

# बरसाती पानी की निकासी को लेकर मेयर अफसरों में टकराव सीएम से पास पहुंचा लेटर

## मेयर के पति ने सोशल मीडिया पर एक्सईएन पब्लिक हेल्थ व निगम अधिकारियों के खिलाफ वायरल की पोस्ट





**अंबाला।** अंबाला शहर में बरसाती पानी के भराव का दृश्य।

**कहा पंप बंद कर सीएम नायब सैनी को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं अफसर, कमिश्नर ने आरोपों को बेबुनियाद करार दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बरसाती पानी से हुए भराव को लेकर एक बार फिर मेयर शैलजा सचदेवा व नगर निगम के अधिकारियों में टकराव होता दिख रहा है। सोमवार को बरसात की वजह से हुए जलभराव के बाद मेयर के पति एवं मनोनीत निगम सदस्य एडवोकेट संदीप सचदेवा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल कर कहा नगर निगम, एक्सईएन पब्लिक हेल्थ व अन्य विभागों ने पानी निकासी के सारे पंप बंद कर दिए हैं।

अफसरों का मकसद मुख्यमंत्री के गृह जिले में सरकार को बदनाम करना है। सचदेवा ने कहा कि सभी 42 पंप सेट बंद हैं। ये चलते तो एक-दो घंटे में पानी निकल जाता लेकिन इसमें 5 से 6 घंटे लग रहे हैं। उधर अंबाला शहर में पानी निकासी के लिए स्थापित पंप बंद होने के बाद मेयर शैलजा सचदेवा ने डीसी व निगम कमिश्नर को फोन किया। इसके बाद कई पंप शुरू कराए गए। मेयर दोपहर बाद अपने कार्यालय से जलभराव से ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करने निकली। साथ ही पार्षदों से संवाद स्थापित कर जलनिकासी के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। दूसरी ओर मेयर शैलजा सचदेवा के आरोपों को लेकर नगर निगम के कमिश्नर वीरेंद्र लाठर ने बेबुनियाद बताया। उन्होंने बताया कि जैसे ही उनके पास मेयर का फोन आया तभी उन्होंने पंप सेट चालू करा दिए थे।

असल में मेयर निर्वाचित होने के बाद से ही शैलजा सचदेवा का नगर निगम के अधिकारियों से टकराव चल रहा है। कुछ रोज पहले ही उन्होंने निगम के कुछ अधिकारियों का नाम लिखकर सीएम नायब सैनी को एक लेटर भी भेजा है। उस लेटर में मेयर ने कहा कि निगम अधिकारी उनकी बात नहीं सुन रहे हैं। न ही उनकी किसी मीटिंग में आते हैं। हालांकि उस पर लेटर पर अभी तक सरकार की ओर से कार्रवाई के आदेश नहीं हुए हैं। निर्वाचित होने के चार महीने तक मेयर को निगम की ओर से ऑफिस उपलब्ध नहीं करवाया गया था। इसी वजह से उन्हें निगम के पार्क में ही बैठकर काम करना पड़ा था। तब निगम अधिकारियों पर कार्यालय को दोबारा तैयार करने के लिए 4.60 लाख रुपए टेंडर लगाने में जानबूझकर देरी करने के भी आरोप लगाए गए थे। 11 जुलाई को जब मेयर के कार्यालय का उद्घाटन हुआ तब भी ज्यादातर अधिकारी कार्यक्रम से गायब थे।

**इन इलाकों में हुआ जलभराव**

सोमवार को हुई बरसात की वजह से अंबाला शहर के जगाधरी गेट, इंको चौक, कपड़ा मार्केट, पोलिटेकनिक चौक, मॉडल टाउन रोड, बलदेव नगर, लक्ष्मी नगर, उत्तरांचल कॉलोनी समेत कई रिहायशी कॉलोनियों में जलभराव हो गया। राहगीरों को जलभराव की वजह से काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसी तरह अंबाला छावनी के कुछ निचले इलाकों में जलभराव हो गया। हालांकि बरसात बंद होने के कुछ घंटों बाद ही पानी की निकासी हो गई थी।

# हादसे में समाजसेवी मोहिंद्र जैन की दर्दनाक मौत

## महिंद्रा पिकअप के टकराने से हुआ हादसा

- अंबाला शहर में शोक की लहर, पटियाला में ही जैन का किया गया अंतिम संस्कार, हादसे में नाती समेत दूसरे परिजन भी जख्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** हादसे में दम तोड़ने वाले समाजसेवी मोहिंद्र जैन।

अंबाला शहर के समाजसेवी और जैन समाज की कई संस्थाओं से जुड़े रहे मोहिंदर जैन की पटियाला में एक सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। हादसा नाभा रोड स्थित डुंगरी गांव के पास उस समय हुआ जब उनकी कार की टक्कर सामने से आ रही एक पिकअप गाड़ी से हो गई। इस टक्कर में मोहिंदर जैन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। राहगीरों और पुलिस की मदद से उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के वक्त कार में मोहिंदर जैन के साथ उनका बेटा, पत्नी, पुत्रवधू और नाती भी थे। सभी को घायलावस्था में पटियाला के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मोहिंदर जैन का अंतिम संस्कार रविवार देर शाम पटियाला में ही किया गया। वे अंबाला शहर के सेक्टर 7 में रहते थे। परिवार के सदस्यों का कहना है कि हादसा संभवतः नींद की झपकी आने की वजह से हुआ। मोहिंदर जैन खुद गाड़ी चला रहे थे। वे मलेरकोटला की तरफ से माथा टेककर लौट रहे थे। जैसे ही कार डुगरी गांव के पास पहुंची सामने से आ रही पिकअप गाड़ी से जोरदार भिड़ंत हो गई। कार के एयरबैग खुलने के बावजूद मोहिंद्र जैन की जान नहीं बचाई जा सकी। थाना बक्शीवाला के एसएचओ इंस्पेक्टर सुखदेव सिंह ने बताया कि मोहिंदर जैन की उम्र करीब 60 साल थी। हादसे के समय वे खुद ही कार ड्राइव कर रहे थे। इस दुर्घटना में पिकअप गाड़ी का चालक भी घायल हुआ है। उसके दोनों पैरों में फ्रैक्चर आया है। उसे पटियाला के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जैन के नाती को भी फ्रैक्चर हुआ है।

**बार एसोसिएशन ने रखा वर्क सस्पेंड**

*अंबाला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एवं कांग्रेसी नेता एडवोकेट रोहित जैन ने बताया कि मोहिंदर जैन जैन समाज के प्रमुख चेहरे में शामिल थे। वे अंबाला बार एसोसिएशन के सदस्य भी थे। ये हादसा बेहद दुखद है। इस दुःख की घड़ी में बार एसोसिएशन और जैन समाज दुखी परिवार के साथ खड़ा है। जैन के निधन से बार एसोसिएशन ने भी वर्क सस्पेंड रखा।*

# लूट-डकैती की वारदातों को अंजाम देने वाले दस आरोपी काबू, आरोपियों में पांच किशोर

- गिरोह द्वारा लूटी गई दो बाइक व अन्य सामान जब्त, सीआईए कर रही है आरोपियों से पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सीआईए-1 ने डकैती, लूट और स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पकड़े गए 10 आरोपियों में पांच किशोर बताए जा रहे हैं। पांचों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

पकड़े गए अन्य पांच आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने लूटी हुई दो मोटरसाइकिल व अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक गिरोह के सदस्य रात के अंधेरे में लोगों पर लाठी डंडों से हमला कर उनको अपना शिकार बनाते थे। लूट,स्नैचिंग जैसी वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस के मुताबिक गिरोह सिर्फ अंबाला ही नहीं बल्कि पंजाब के कुछ इलाकों में भी सक्रिय था। अभी इनकी पूछताछ जारी है। जल्द ही इनसे पूछा जाएगा कि आखिर कैसे ये घटना को अंजाम देते थे और कहां-कहां इन्होंने घटना की हैं। सीआईए 1 के इंचार्ज हरजिंदर सिंह ने बताया कि एक पार्क में बैठकर यह गिरोह लूट की प्लानिंग कर रहा था। उसी समय पुलिस ने इन्हें पकड़ने में सफलता हासिल की। उन्होंने बताया इस गिरोह में 5 किशोर भी शामिल थे। उन्होंने आगे बताया कि पुलिस ने इनके कब्जे से 2 मोटरसाइकिल और वारदात में इस्तेमाल किए जाने वाले लाठी डंडे भी बरामद किये हैं।




**अंबाला।** पकड़े गए आरोपी पुलिस हिरासत में।

# धूमधाम से मनाएंगे भगवान वाल्मीकि का प्रकट उत्सव

- कमेटी ने तैयारियां शुरू की
- पदाधिकारी बोले अधर में लटके मंदिर के निर्माण का कार्य भी होगा पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

भगवान वाल्मीकि प्रबंधक के पदाधिकारियों की बैठक अंबाला शहर नाहन हाउस स्थित भगवान वाल्मीकि मंदिर में प्रधान रविकांत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कई मुद्दें को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इसमें भगवान वाल्मीकि का प्रगट दिवस आगामी अक्टूबर माह में धूमधाम से मनाने के बारे विचार विमर्श किया गया। रविकांत ने कहा कि भगवान वाल्मीकि के प्रगट दिवस के बाद भगवान वाल्मीकि मंदिर जो पिछले कई वर्षो से अधर में लटका हुआ है। उसको प्रबंधक कमेटी पूरा करने काम शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि मंदिर का पिछली जो भी संस्था रही हैं उनके द्वारा मंदिर निर्माण कार्य को पूरा नही किया गया जिसको देखते हुए अब भगवान वाल्मीकि प्रबंधक कमेटी इस निर्माण कार्य को पूरा करेगी ताकि भगवान वाल्मीकि मंदिर का निर्माण पूरा हो सके। रविकांत ने कहा कि कमेटी ने यह निर्णय भी लिया है कि कमेटी द्वारा जो भी मंदिर निर्माण या फिर प्रगट दिवस सहित अन्य कोई कार्य किया जाएगा उसका पूरा ब्यौरा ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से किया जाएगा। वाल्मीकि समाज के हर व्यक्ति मंदिर से संबंधित खर्च की पूरी जानकारी दी जाएगी।



**अंबाला।** मीटिंग के दौरान भगवान वाल्मीकि प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर उपप्रधान मनीष कंडारा, सचिव इंदू बाला, ज्वाइंट सैक्रेटरी दीपक बिडलान, कैशियर रमन कुमार मचल, सदस्य संजय अठवाल, राजकुमार, संत राम सौदा, रामदास रांझा, सतीश कंडारा, गुरमुखी, पवन नाजर, ओमप्रकाश, जतिंद्र मचल, तिलकराज मचल, विकास कंडारा विक्की, रिंकू बीरा, मोहित, रोहित, रवि कुमार, अमित सहोता, हिमांशु, कुलभूषण, राजिंद्र कागड़ा, विजय कुमार, प्रेमचंद पप्पू, विजय बिडलान, दीपक कागड़ा, सोनू भगत, नसीब अठवाल भी मौजूद रहे।

# इस रक्षाबंधन पर एक दूसरे को खिलाएं दिलखुश मिठाई

- रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला कैंट स्थित शांतिधाम प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रक्षाबंधन का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। बराड़ा से पधारे मुख्य अतिथि राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा की रक्षाबंधन का यह त्यौहार हमें पवित्रता के दृढ़ व्रत एवं मर्यादाओं के मीठे बंधन की याद दिलाता है। हमें मनुष्य की मानसिक विकारी वृतियों से रक्षा की जरूरत है। हमें एक दूसरे को दिलखुश मिठाई खिलानी है। रक्षाबंधन भगवान के प्रेम में हमें बांधता है। यह एक पवित्र धागा है।

परमात्मा सदा हमारी मदद के लिए तत्पर है लेकिन हमें चेक करना है कि हम उसकी मदद को लेने के कितना काबिल बने हैं। हमें परमात्म प्यार का बंधन बांधना है। विशिष्ट अतिथि डॉ जोगिंदर ने कहा जीवन में ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में आकर हमेशा एक अलग अनुभव रहा। ऐसा लगता है कि जैसे यहां बेहद शांतमय माहौल में है। इसके साथ ही उन्होंने कहा हर इंसान अपने जीवन में में बहुत भागदौड़ कर रहा है लेकिन यह जानना जरूरी है की भागदौड़ किस तरीके से होनी चाहिए। किस रास्ते से होनी चाहिए और किस डायरेक्शन में होनी चाहिए।

अगर हम सही तरीके से सही डायरेक्शन में भाग दौड़ करेंगे तो यकीनन हम अपनी मंजिल तक पहुंचेंगे। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने कहा आप सभी के लिए हमारी यही शुभकामना है कि आप सभी परमात्म प्यार में पलते सदा खुशियों के झूले में झूलते रहे।

सदा उनके सुरक्षा घेरे में रहते न सिर्फ स्वयं को सुरक्षित करें लेकिन सारे संसार को भी वही एक सैफ और सिक्योर दुनिया का संकल्प दे। उनको भी सुरक्षा प्रदान करें। इसी के साथ उन्होंने सभी को राजयोग द्वारा गहन सुख शांति शक्ति का अनुभव कराया। वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश गुप्ता जी ने कहा कि जीवन में हमेशा दुआएं कमाओ। कभी किसी को दुख न दो यही सबसे बड़ी कला है। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी ने सभी से रक्षा सूत्र बंधवाने की खर्ची के रूप में कमजोरी त्यागने के दृढ़ संकल्प की प्रतिज्ञा करवाई।



**अंबाला।** कार्यक्रम में मंचासीन बीके बहनें व शपथ लेते लोग।

# लोगों की सेहत से खिलवाड़ न करे सरकार

## प्राइवेट अस्पतालों को तुरंत करे 600 करोड़ का भुगतान

**अंबाला।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि राज्य सरकार के जनता को बेहतर सुविधाएं देने के दावे खोखले साबित हैं। उनका है कि राज्य सरकार जनता के हितों से खिलवाड़ कर रही है। जैन का आरोप राज्य सरकार उन प्राइवेट अस्पताल संचालकों को आठ महीने से भुगतान नहीं कर रही जिन्होंने आयुष्मान कार्ड के जरिए लोगों का उपचार किया है। भुगतान न होने से अब प्राइवेट अस्पताल संचालकों ने 7 अगस्त से आयुष्मान कार्ड की सेवाएं बंद करने का ऐलान किया है। यानी 7 अगस्त के बाद किसी भी आयुष्मान कार्ड धारक को निजी अस्पतालों में उपचार की सुविधा नहीं मिलेगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व डेलिगेट रोहित जैन ने कहा कि प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पंजीकृत निजी अस्पतालों द्वारा इलाज बंद करने की चेतावनी अत्यंत चिंताजनक है। आईएमए के अनुसार लगभग 600 करोड़ रुपये का भुगतान लंबित है। इसके चलते निजी अस्पतालों ने 7 अगस्त की रात 12 बजे से आयुष्मान योजना के अंतर्गत आने वाले मरीजों का इलाज बंद करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि भुगतान को लेकर हर बार आईएमए को हर बार कड़ा रुख अपनाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अगर निजी अस्पतालों ने जरूरतमंदों का ईलाज ही बंद कर दिया गया तो सरकार की मनमानी के कारण उनका जीवन संकट में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि यह स्थिति बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि अब प्राइवेट अस्पतालों में गरीब और जरूरतमंद नागरिकों को इस योजना के तहत निशुल्क इलाज नहीं मिलेगा। इससे न केवल लोगों की सेहत खतरे में पड़ेगी बल्कि यह आमजन के अधिकारों का खुला उल्लंघन भी है।



# घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का व्यवसायिक इस्तेमाल करने पर होगी कार्रवाई

**बराड़ा।** सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी राजिंदर कुमार ने बताया कि आम तौर पर घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों का उपयोग कुछ लोग व्यवसायिक और औद्योगिक गतिविधियों में करते हैं। यह पूर्ण रूप से अवैध है। सार्वजनिक हित के विरुद्ध है। घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग केवल घरेलू उपयोग के लिए अनुमन्य है। इसका उपयोग ढाबों, होटलों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, भोजनालयों अथवा किसी भी प्रकार के गैर-घरेलू कार्यों में करना गैस नियंत्रण आदेश के अंतर्गत एक दंडनीय अपराध है। उन्होंने बताया कि नियमित निरीक्षणों के दौरान कई मामलों में यह पाया गया है कि हलवाई की दुकान व अन्य स्थानों पर घरेलू गैस सिलेंडर का प्रयोग किया जाता है। जो कि गलत हैं, इसलिए सभी को हिदायतें दी जाती है कि व्यावसायिक स्थानों पर घरेलू गैस का प्रयोग न करें अगर कोई भी दुकानदार या अन्य ऐसा करता पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## एसडीएम ने अपने ऑफिस से मुहिम की शुरूआत की

# सभी स्कूलों की पानी की टंकियों व छतों की सफाई के आदेश

- बीमारियों से बचने के लिए सभी मुहिम में शामिल होने का आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने बताया कि गर्मी व बरसात के मौसम में अनेकों जानलेवा बीमारियां फैलने की आंशका बनी रहती हैं। इन बीमारियों को शुरू से ही पनपने से रोकने के लिए सावधानियां बरतना बहुत जरूरी है ताकि स्वास्थ्य ठीक रह सके। इसकी शुरुआत उन्होंने सोमवार को अपने कार्यालय की छत का निरीक्षण करते हुए की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छत पर साफ सफाई व पानी की निकासी की व्यवस्था की जांच की। इस अवसर पर उनके साथ एसडीओ पीडब्ल्यूडी सुनील कुमार व जेई तेजस्व शर्मा, एएफएसओ राजिंदर कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।उन्होंने उपमंडल के सभी सरकारी कार्यालयों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालय की छत की साफ सफाई करवाएं व पानी की निकासी वाले पाइप की भी सफाई रखे ताकि छत पर पानी न रुके। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को भी निर्देश दिए कि उपमंडल के सभी स्कूलों की छत व स्कूल के आस पास के क्षेत्र की साफ -सफाई का विशेष ध्यान रखें, ताकि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को इससे होने वाली बीमारियों से बचाया जा सके। उनके स्वस्थ ठीक रहे।उन्होंने कहा कि घरों में पानी की टंकियों की सफाई समय-समय पर अवश्य करें। घरों के आसपास पानी इकठ्ठा न होने दें तथा नालियों को साफ रखें तथा गड्डों को मिट्टी से भर दें। इसके साथ-साथ पानी की टंकियां, कूलर इत्यादि सप्ताह में एक बार अवश्य खाली करके सुखा लें या कूलर के पानी में एक चम्मच पेट्रोल या डीजल तेल डालें। घर के आसपास व छत पर खाली बर्तन, टूटे खिलौने, गमले, खाली व बेकार बोतले, बेकार जूते व टायर आदि में बरसात का पानी खड़ा न होने दें। छत की टैंकी अच्छी तरह बंद रखें तथा नलकों का टपकना रोकें। मच्छरों के काटने से बचाव के लिए मच्छरदानी व मच्छर भगाने वाली दवाओं का प्रयोग करें तथा कपड़े ऐसे पहने जिससे सभी अंग ढ़के रहें। उन्होंने उपमंडल की जनता से अपील की है कि वे इन बीमारियों से बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय समय पर बताए गई बातों पर अमल अवश्य करें।



**बराड़ा।** कार्यालय की छत का निरीक्षण करते एसडीएम सतिन्द्र सिवाच।